कोटद्वार, शुक्रवार
21 जून 2024
वर्ष: 46
अंक: 59 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

आंधी से उड़ी मकान की छत, हादसा टला

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के सौंराल गांव में आंधी-तूफान से एक आवासीय मकान की छत उड़ गई। इस दौरान घर में रहे परिवार ने किसी तरह मकान से बाहर निकलकर जान बचाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते बुधवार देर शाम घनसाली से सटे सौंराल गांव निवासी विमला देवी अपनी दो बहुओं और पोतों के साथ घर के अंदर थी। अचानक तेज आंधी से उनके घर की छत उड़ गई। इस दौरान पीड़ित परिवार ने घर से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित विमला देवी ने बताया कि छत क्षतिग्रस्त होने से घर के अंदर रखा खाद्यान्न, कपड़े, बिस्तर सहित अन्य सामान बर्बाद हो गया। कहा कि, आशियाना छिन जाने से अब उनके समक्ष रहने का संकट पैदा हो गया है। प्रभावित महिला ने सरकार और प्रशासन से मदद के गुहार लगाई है। (एजेंसी)

गुलदार ने मारे बाघ के दो शावक, शव बरामद

देहरादून। राजाजी पार्क में लापता हुए बाघ के दो शावकों में से दो के शव बरामद कर लिए गए हैं। पोस्टमार्टम में उनके गुलदार के हमले में मारे जाने की पुष्टि हुई है। वहीं दो अन्य शावकों की तलाश में सर्च व रेस्क्यू आपरेशन तेज कर दिया गया है। उनकी तलाश के लिए ड्रोन व कैमरा ट्रैप सहित अन्य तकनीकों का भी प्रयोग किया जा रहा है। राजाजी पार्क में पिछले माह एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया था। जिनकी लगातार मानिटरिंग की जा रही थी। पिछले दो तीन दिन से चार शावक मां के साथ दिखने बंद हो गए। जिस पर पार्क प्रशासन में हड़कंप मच गया।उनकी तलाश की गई। इसी दौरान वहां दो शावकों के शव मिले। जिनके सिर और गर्दन पर पंजों के निशान थे। पार्क निदेश-ाक डा. साकेत बडोला ने बताया कि पोस्टमार्टम में उनकी मौत गुलदार के हमले में होने की बात सामने आयी है। बताया कि जब बाघिन शावकों के लिए खाने की तलाश में निकलती है तो उन्हें कहीं छिपा देती है। लेकिन इसी बीच शावक बाहर आ गए होंगे और गुलदार ने उन्हें देख लिया होगा। जिस पर उसने दो को हमला कर मार डाला। जबकि दो का पता नहीं लगा है।हालांकि आसपास छोटे पंजों के निशान दिखने से उनके जिंदा होने की उम्मीद है।उनकी तलाश की जा रही है।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

देहरादून। पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी के आत्महत्या करने के दौरान उसकी पत्नी बच्चों को लेकर होटल में रहने चली गई थी। सुबह होटल से चेक आउट कर वापस लौटी तो पति को फांसी पर लटके पाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि स्पेशल विंग प्रेमनगर निवासी ललित कुमार उम्र 31 वर्ष बह्मपुर चौक के पास स्थित एक डाक्टर के घर के काम करता था। वह अक्सर शराब पीकर घर जाता तो विवाद होगा। बुधवार रात शराब पीकर घर पहुंचा। इस दौरान पत्नी से विवाद किया। विवाद इतना बढ़ गया कि रात को पत्नी बच्चों के साथ रहने के लिए होटल में चली गई। होटल से गुरुवार सुबह करीब 10 बजे वह वापस घर पहुंची। इस दौरान देखा तो ललित कुमार फांसी फंदे पर लटका हुआ था। पति को फंदे पर लटका देखकर महिला के होश उड़ गए। आसपास के लोग इकट्ठा हुए। शव को नीचे उतारकर प्रेमनगर सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा भरा। इसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया। एसओ गिरीश नेगी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ।

किशोर की एक्सिडेंट में मौत

देहरादून। प्रेमनगर में बुधवार देर रात स्कूटर सवार 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। वह अपनी बहन को स्कूटर से प्रेमनगर वापस छोड़कर वापस बसंत विहार स्थित अपने घर जा रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि बुधवार देर रात कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली। बताया गया कि बुलबुल चौक प्रेमनगर के पास स्कूटर सवार लड़के का एक्सिडेंट हुआ है। वहां से उसे प्रेमनगर स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बाहरी लोगों को आपराधिक विवरण के साथ बताना होगा भूमि खरीदने का उद्देश्य : धामी

● कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि कानून-व्यवस्था का सख्ती से पालन करवाया जाए। राज्य में रह रहे बाहरी लोगों का सघनता से सत्यापन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी बाहरी व्यक्ति राज्य में जमीन खरीदने के लिए आ रहे हैं, वे किस उद्देश्य से जमीन खरीद रहे हैं, उन्हें आपराधिक विवरण के साथ ही भूमि क्रय करने का उद्देश्य भी बताना पड़ेगा। इसका उनसे निर्धारित प्रारूप पर घोषणा पत्र भरवाया जाए। बाहरी लोगों के जमीन खरीदने से पहले इसकी भी सघनता से जांच करवाई जाए कि उन पर कहीं कोई आपराधिक मामला न चल रहा हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित किया जाए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि वनाग्नि, पेयजल और बिजली की समस्याओं को दूर करने के लिए नियमित बैठक कर समीक्षा की जाए। आगे इस तरह की समस्याएं न हों, इसके लिए जो भी प्रभावी उपाय किये जाने हैं, जल्द किये जाएं। कार्यों में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। आपदा प्रबंधन और आगामी कांवड़ के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण की जाय। उन्होंने कहा कि शासन के वरिष्ठ अधिकारी नियमित सभी जिलाधिकारियों के संपर्क में रहें, जनपदों से किसी भी प्रकार की सहायता के अनुरोध पर उनका यथाशीघ्र समाधान किया जाए।

खाई में गिरी क्रेन, चार लोग घायल

नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर तोताघाटी में गुरुवार को कार को टो करके ले जा रही एक क्रेन गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में कार व क्रेन में सवार चार लोग घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर बनी है। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने घायलों को खाई से निकालकर सीएचसी बागी में भर्ती करवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एम्स ऋषिकेश रैफर किया गया है।

प्रभारी थानाध्यक्ष अनिरुद्ध मैठाणी ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब साढे 6 बजे श्रीनगर से कार को टो करके ऋषिकेश ले जारी क्रेन अनियंत्रित होकर करीब डेढ़ सौ मीटर खाई में जा गिरी। सूचना पर थाना देवप्रयाग और बछेलीखाल चौकी की पुलिस टीम सहित व्यासी से एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। सबसे पहले पहाड़ी पर अटकी कार में फंसे दो लोगों का रेस्क्यू किया गया। जिसके बाद गहरी खाई में उतर कर टीम ने क्रेन में फंसे घायलों को बाहर निकाला।

युद्ध रुकवा दिए, लेकिन पेपर लीक रोक नहीं पाए-राहुल गांधी

नई दिल्ली। अभी पेपर लीक का मुद्दा शांत भी नहीं हुआ था कि बुधवार को भी परीक्षा रद हो गई। दोनों परीक्षाओं को लेकर केंद्र सरकार से कई सवाल पूछे जा रहे हैं। गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुत गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करके केंद्र की एनडीए सरकार पर जोरदार हमला किया।

राजधानी दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय पर नीट मुद्दे और यूजीसी–नेट परीक्षा रद होने पर सांसद राहुल गांधी ने कहा, "पेपर लीक के पीछे की वजह यह है कि शिक्षा प्रणाली पर भाजपा के मूल संगठन ने कब्जा कर लिया है। जब तक इसे बदला नहीं जाता, पेपर लीक होते रहेंगे। मोदी जी ने इस कब्जे को आसान बनाया है। यह एक देश विरोधी गतिविधि है।"

पीएम मोदी ने युद्ध रुकवा दिया, लेकिन पेपर लीक रोक नहीं पाए

राहुल गांधी ने आगे कहा, "ऐसा कहा जा रहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस–यूक्रेन का युद्ध रुकवा दिया, लेकिन कुछ कारणों से नरेंद्र मोदी भारत में पेपर लीक रोक नहीं पाए हैं या रोकना नहीं चाहते हैं।"युद्ध रुकवा दिए, लेकिन पेपर लीक रोक नहीं पाए'

दिल्ली में गिरते भूजल स्तर को लेकर मनोज तिवारी ने केजरीवाल पर साधा निशाना

नई दिल्ली ,भाजपा नेता व सांसद मनोज तिवारी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत और गिरते भूजल स्तर को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।भाजपा सांसद ने कहा, अरविंद केजरीवाल जी को दिल्ली में गिरते भूजल स्तर की चिंता है या नहीं? मैं उनसे कहना चाहता हूं कि दिल्ली की जनता आपको माफ नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी ने महज अपने आर्थिक फायदे के लिए लोगों को मिलने वाला पानी टैंकर माफिया को दे दिया। उन्होंने कहा, गिरते भूजल को बचाने का सबसे अच्छा तरीका रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है, लेकिन केजरीवाल को इन सब चीजों से कोई लेना–देना नहीं है।

वो और उनकी पार्टी के नेता सिर्फ और सिर्फ राजनीति करने में व्यस्त रहते हैं और बाकी दिल्ली की जनता कैसे रहेगी, इन्हें इन बातों से कोई लेना–देना नहीं है। यमुना का भी हाल बेहाल है। यमुना में लगातार पानी सूख रहा है। जल स्तर नीचे जा रहा है। यमुना में सिर्फ और सिर्फ नाली का पानी बह रहा है, लेकिन केजरीवाल सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। भाजपा नेता ने सवाल पूछते हुए कहा, कहां गया आपका विधानसभा का विशेष सत्र? आप लोग तो हर छोटी–छोटी बातों पर विधानसभा का सत्र आहूत करते हैं, लेकिन दिल्ली की जनता पिछले काफी दिनों से भीषण गर्मी की वजह से पानी की किल्लत का सामना कर रही है, लेकिन अभी तक आप लोगों ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना भी जरूरी नहीं समझा। इससे साफ जाहिर होता है कि आप लोग दिल्ली की जनता को लेकर कितने असंवेदनशील हैं। बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी की किल्लत पैदा हो गई है। दिल्ली की जनता एक–एक बूंद पानी के लिए तरस रही है।

कई दफा आम जनता पानी की किल्लत को लेकर सड़क पर प्रदर्शन करने उतर चुकी है, लेकिन केजरीवाल सरकार ने अभी तक ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है, जिससे आम लोगों को पानी की किल्लत से निजात मिल सके। बीते दिनों दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर पानी ना देने का आरोप लगाया था, जबकि बीजेपी का कहना है कि हरियाणा की ओर से दिल्ली के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा जाता है, लेकिन यहां केजरीवाल सरकार के संरक्षण में पल रहे वाटर टैंकर माफिया अब लोगों के हितों को ताक पर रखकर पानी का व्यापार करने पर उतारू हो चुके हैं, जिसकी वजह से दिल्ली के लोगों को एक–एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

नीतीश सरकार को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने आरक्षण बढ़ाने का फैसला किया रद

पटना ,पटना हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए आरक्षण बढ़ाने का फैसला रद कर दिया है। दरअसल, राज्य में आरक्षण की सीमा 50 फीसदी होती है, लेकिन बिहार सरकार ने आरक्षण को 65 फीसदी तक बढ़ा दिया था, जिसे हाई कोर्ट ने अब रद कर दिया है। आरक्षण कानून में किए गए हालिया संशोधन की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को स्वीकृति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने विगत 11 मार्च को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे गुरुवार को सुनाया गया।

याचिका में राज्य सरकार द्वारा 21नवंबर,2023 को पारित कानून को चुनौती दी गई थी, जिसमें एससी,एसटी,ईबीसी व अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण दिया गया है,जबकि सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए मात्र 35 फीसदी ही पदों पर सरकारी सेवा में दिया जा सकता है जिसमें ईडब्लूएस के लिए 10 फ़ीसदी आरक्षण भी शामिल है।

सुप्रीम कोर्ट का नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से इन्कार

● एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी



नई दिल्ली ,नीट परीक्षा रद्द करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज अहम सुनवाई हुई। जस्टिस विक्रम नाथ और एस.वी.एन. भाटी की बेंच चार याचिकाएं ट्रांसफर कराने वाली एनटीए की अर्जी पर भी सुनवाई की। कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। एनटीए को कहा नोटिस जारी करें और 8 जुलाई तक जवाब दें और लंबित याचिका के साथ टैग करें। एनटीए के वकील ने कहा कि हम हाईकोर्ट से स्टे की मांग कर रहे हैं। इस पर पीठ ने कहा कि इस तरह के स्टे की कोई जरूरत नहीं है। हमने पहले ही नोटिस जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी मामलों में हाईकोर्ट में चल रहे सभी मामलों पर रोक लगा दी है और नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी।

इससे पहले, मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा आयोजित करने में किसी भी लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने टिप्पणी की, अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है, तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। इन सभी मामलों को प्रतिकूल मुकदमेबाजी के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। शिक्षा मंत्रालय ने पटना में आयोजित नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के संबंध में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि ग्रेस मार्क्स के आवंटन के बारे में चिंताओं को पूरी तरह से दूर कर दिया गया है।छात्रों ने कथित प्रश्नपत्र लीक, प्रतिपूरक अंक देने और परीक्षा के प्रश्नों में विसंगतियों से संबंधित मुद्दे उठाए हैं। 5 मई, 2024 को नई याचिकाएं प्राप्त होने पर सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को नोटिस जारी किया और दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

शार्ट सर्किट से तीन मंजिला मकान में लगी आग, पिता और दो बेटियां जिंदा जली

ग्वालियर ,मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में गुरुवार सुबह एक तीन मंजिला इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में पिता और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र स्थित कैलाश नगर की है। विजय गुप्ता के तीन मंजिला मकान में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। मकान की दूसरी मंजिल पर ड्राई फ्रूट का गोदाम था। आग रसोई से शुरू हुई और उसने धीरे–धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। मकान में आग लगने की सूचना पर दमकल की गाडिय़ां और पुलिस मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाए जाने से पहले ही मकान की एक दीवार को तोड़ा गया। अंदर तीन लोगों के शव मिले। तीनों की मौत दम घुटने से होने की आशंका है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। पिता और दोनों बेटियों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे गए हैं।

कोविड के बाद निगमबोध घाट पर एक दिन में हुआ सबसे ज्यादा दाह संस्कार

मौत की वजह भीषण गर्मी

नई दिल्ली ,दिल्ली के निगमबोध घाट पर बुधवार को कोरोना के बाद सबसे ज्यादा शव आए। इसकी एक वजह भीषण गर्मी बताई जा रही है। निगमबोध घाट दिल्ली का सबसे बड़ा श्मशान घाट है। यहां साधारणतया हर रोज 50 से 60 शव आते हैं। लेकिन बुधवार को 142 शव आए।पिछले कुछ सालों से जून के महीने में शमशान घाट में शवों की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है। इससे पहले कोविड के दिनों में शवों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली थी। उस दौरान जून के महीने में शवों की संख्या 1500 थी। निगमबोध घाट पर कोविड महामारी के दौरान एक दिन में 253 शव आए थे।

निगमबोध घाट के प्रभारी सुमन गुप्ता ने इस संबंध में बताया, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसकी वजह से शमशान घाट में शवों की संख्या में तेजी देखने को मिली है। यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि कोरोना के बाद सबसे ज्यादा शव कल आए। निगमबोध घाट दिल्ली का सबसे बड़ा शमशान घाट है। यहां वैसे भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में शव आते हैं।

शवों की संख्या गर्मी में या सर्दी में बढ़ जाती है। गर्मी में लोग अत्यधिक तापमान और हीटवेव की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। वहीं सर्दी में बुजुर्ग लोगों को सांस की समस्या होती है, जिसकी वजह से शमशान घाट में आने वाले शवों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जाती है। बता दें कि पूरा उत्तर भारत इस वक्त भीषण गर्मी की चपेट में है। एनसीआर में हीट स्ट्रोक के मामलों में वृद्धि देखी गई है। अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढने़ लगी है। दस्त, डायरिया, उल्टी आदि मामलों के रोगियों की संख्या भी काफी बढ़ गई है।

उत्तराखंड में बिल लाओ इनाम पाओ स्कीम अब खत्म

देहरादून। उत्तराखंड में बिल लाओ इनाम पाओ योजना अब खत्म हो गई है। योजना का अंतिम लक्की ड्रा गुरुवार को विधानसभा स्थित सभागार में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की मौजूदगी में निकाले गए। मार्च माह में यह लक्की ड्रा किया जाना था, लेकिन लोकसभा चुनाव आचार संहिता के चलते इसे स्थगित कर दिया था। कैबिनेट मंत्री अग्रवाल की मौजूदगी में मार्च के भाग्यशाली 1500 विजेताओं के लक्की ड्रा निकाले गए। इनमें से 500 विजेताओं को स्मार्टफोन, 500 को स्मार्ट वाच और 500 विजेताओं को ही इयरपोड्स वितरित किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने बताया कि राज्य में एक सितंबर, 2022 में यह योजना शुरू की गई थी। योजना के तहत प्रत्येक माह बिलिप एप में क्रय सामग्री के बिल अपलोड करने वाले उपभोक्ताओं का लक्की ड्रा के जरिए ईनाम वितरित किए गए। कहा कि योजना का मकसद उपभोक्ताओं को बिल लेने के संबंध में जागरूक करने के लिए किया गया था।

जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत

100 से ज्यादा हॉस्पिटल में भर्ती

चेन्नई ,तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कल्लाकुरिचि के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने इसकी पुष्टि की है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कल्लाकुरिची के जिला कलेक्टर एमएस प्रशांत ने जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की। इस मामले में 49 वर्षीय (अवैध शराब विक्रेता) के. कन्नुकुट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके पास से जब्त की गयी करीब 200 लीटर अवैध शराब की जांच में सामने आया कि उसमें घातक मेथनॉल मौजूद था।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मौतों पर दुख जताया और कहा कि इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्यकल्लाकुरिची में मिलावटी शराब पीने वाले लोगों की मौत की खबर सुनकर मैं स्तब्ध और दुखी हूं। इस मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

श्रीनगर पहुंचे पीएम मोदी की बड़ी घोषणा, बोले– जल्द जम्मू–कश्मीर बनेगा राज्य

जम्मू ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंचे और उन्होंने श्रीनगर में ह्ययुवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू–कश्मीर में बदलावह्ल कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जम्मू कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपये का तोहफा दिया। मोदी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्वल बनाएगा। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं, जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार काम करती है और नतीजे दिखाती है।

तीसरी बार सरकार बनाने से दुनिया को स्थिरता का संदेश मिला है। हमारी सरकार को लेट–लतीफी पसंद नहीं है। आज जो बदलाव जम्मू–कश्मीर में दिख रहे हैं, वह बीते 10 साल में हमारे काम का नतीजा है। पीएम मोदी 21 जून को योग दिवस पर सुबह 6.30 बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत स्चढ्ढष्टष्ट के बैकयार्ड में डल झील के किनारे योग आसन करेंगे। इस दौरान करीब 7 हजार लोग उनके साथ योग करेंगे।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी की टेंशन बढ़ी, सहयोगी दलों ने की 100 सीटों की मांग

मुंबई ,महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि उनकी पार्टी को महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से कम से कम 100 सीटों पर चुनाव लडऩे का मौका मिलना चाहिए। शिवसेना, महायुति गठबंधन का हिस्सा है, जिसमें भाजपा और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा भी शामिल है। राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य के पूर्व मंत्री रामदास कदम ने शिंदे द्वारा अविभाजित शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह में बुधवार को कहा, हमें चुनाव लडऩे के लिए 100 सीटें मिलनी चाहिए और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम उसमें से 90 सीटें जीतेंगे। महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता छगन भुजबल ने हाल ही में कहा था कि उनकी पार्टी को राज्य विधानसभा चुनाव लडऩे के लिए 80–90 सीटें मिलनी चाहिए।

बरसेंगे राहत के बादल! आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली ,देशभर में मौसम अपने अलग–अलग रंग दिखा रहा है। कहीं भारी बारिश से लोग परेशान हैं तो कहीं बारिश की आस में लू का तांडव झेल रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्य लगातार बारिश के चलते भूस्खलन से जूझ रहे हैं। वहीं उत्तर भारत में हीटवेव से राहत नहीं मिल रही है।

हालांकि कल हल्की बारिश से पहाड़ों का मौसम कुछ बदला है। दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में कल तेज हवाएं चलीं हालांकि यहां गर्मी का सितम बरकरार है। मौसम विभाग ने 20 जून को लगभग 20 राज्यों में बारिश होने के आसार जताए हैं। आईएमडी ने सैटेलाइट इमेज जारी करते हुए कहा कि पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पूर्वी विदर्भ, पूर्वी तेलंगाना और आसपास के उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, लक्षद्वीप, दक्षिण गुजरात, उत्तरी कोंकण, गोवा और कर्नाटक, पश्चिम असम और मेघालय, उप–हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ–साथ छिटपुट गरज और बिजली या तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि अगले दो घंटों में उत्तरी दिल्ली, उत्तर–पूर्वी दिल्ली, उत्तर–पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, मध्य–दिल्ली, एनसीआर (लोनी देहात) के कुछ स्थानों और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होगी और 30–50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इसके अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिंडन एएफ स्टेशन, बहादुरगढ़, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, सोनीपत, रोहतक, खरखौदा, बागपत, खेकड़ा, मोदीनगर, पिलखुआ, मानेसर, बल्लभगढ़, सोनीपत, खरखौदा, मट्टनहेल, झज्जर, फरुखनगर, सोहना, पलवल, बड़ौत, बागपत, मेरठ, खेकड़ा, मोदीनगर, किठौर, पिलखुआ, हापुड, गुलावटी, सिकंदराबाद, बुलंदशहर में भी बारिश के आसार हैं।

इसके अलावा, मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली एजेंसी, स्काईमेट के मुताबिक, आज उत्तर प्रदेश में लू से लेकर भीषण लू की स्थिति संभव है और मध्य प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के कुछ इलाकों में लू की स्थिति संभव है और उसके बाद यह कम हो सकती है।

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में रातें गर्म रहने की संभावना है।

संपादकीय

संदिग्ध प्रवेश परीक्षाएं

देश की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाएं सवालों के घेरे में खड़ी होती जा रही हैं जिसे लेकर युवाओं में अपने भविष्य को लेकर भी भ्रम की स्थिति बन रही है। हाल ही में नीट की परीक्षा विवादों में चढ़ चुकी है जिस पर अब एक के बाद एक कई खुलासे सामने आ रहे हैं। छात्रों के तमाम आरोप सीधे तौर पर यह प्रदर्शित कर रहे हैं की नीट की परीक्षा का पेपर लीक हुआ है जिस कारण परीक्षा परिणाम काफी चौका देने वाला निकला है। इधर देश में अभी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक का बवाल खत्म नहीं हुआ था, अब यूजीसी नेट का पेपर लीक हो गया है इसके बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पुनः विवादों में है। लगातार फैसियत होने के बाद आखिरकार शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी नेट परीक्षा को कैंसल करके इसकी जांच सीबीआई को देने का फैसला किया है, यानी कहीं ना कहीं सरकार भी यह मान चुकी है कि सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है और इस प्रकार के आरोप के बाद एक बार केंद्रीय एजेंसी से जांच करानी बेहद जरूरी है ताकि पर्दे के पीछे छिपे "जयचंदों" की पहचान हो सके। अब से पहले भी परीक्षाएं होती थी लेकिन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए के बारे में लोगों को अधिक जानकारी नहीं थी। इधर नीट के पेपर में धांधली के बाद एनटीए भी चर्चाओं एवं विवादों में आ खड़ी हुई। इस संस्था की स्थापना साल 2017 में हुई थी। पेपर की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनटीए के अधीन है और एनटीए ये परीक्षा ऑनलाइन सर्वर के माध्यम से आयोजित करता हैं। इस बार यूजीसी नेट का पेपर जिस तरीके से ऑफलाइन मोड में हुआ था, ऐसे पेपरों को एग्जाम से पहले अलग-अलग सेंटरों के स्ट्रांग रूम में रखा जाता है। जाहिर है सुरक्षा के लिहाज से इन स्ट्रांग रूम में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित होता है और पेपर भी सुरक्षाकर्मी की तैनाती कर हमेशा सील करके रखा जाता है। एग्जाम से पहले परीक्षा अधिकारी अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम खोलकर पेपरों का वितरण कराते हैं और ये सुनिश्चित करते हैं कि एग्जाम से पहले पेपर की सील कोई ना खोले। बोर्ड की परीक्षाओं से लेकर यूनिवर्सिटी एवं दूसरी प्रतियोगी परीक्षाओं तक में सुरक्षा की यह तकनीक अपनी जाती है, लेकिन इस बार एनडीए खुद कटघरे में खड़ी नजर आ रही है। एनटीए के पास नीट और नेट के अलावा कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं करवाने की जिम्मेदारी है। एनटीए की किसी भी एग्जाम पेपर को तैयार करने के लिए सबसे पहले विषय सबंधित विशेषज्ञ तैयार करते हैं। इसके बाद उनसे सवालों के बैंक तैयार किए जाते हैं। इसके बाद टेस्ट डवलपमेंट कमेटी इसकी जांच करती है और फिर पेपर लिखे जाते हैं। पेपर लिखे जाने के बाद भी इसकी जांच होती है. तथा फाइनल पेपर बनते हैं। इतनी लीक प्रूफ व्यवस्था होने के बावजूद यदि लाखों करोड़ों छात्रों के साथ खिलवाड़ हो रहा है तो निश्चित तौर पर इसके पीछे कोई ना कोई बड़ा संगठन काम कर ही रहा है। यूजीसी नेट को लेकर यदि सीबीआई जांच की मंजूरी दी जा सकती है तो फिर सरकार आखिर क्यों मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं को लेकर केंद्रीय एजेंसी से जांच करने का साहस नहीं जुटा पा रही है? नीट परीक्षा को लेकर पूरे देश में उधम मचा हुआ है और सत्ता - विपक्ष के बीच बयानों का दौर भी शुरू हो चुका है। इस सबके बीच उन लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में है जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर अच्छे अंकों की आशा की थी लेकिन परीक्षाओं में गड़बड़ी के कारण ऐसे कई मेधावी छात्र श्रेष्ठता सूची में आने से रह गए।

भूख, अल्प पोषण से मृत्यु

कई महीनों से भीषण भूख और कुपोषण से पैदा होने वाली कमजोरी, निरंतर राहत का इंतजार, इस सबके बीच भी जगह-जगह हिंसा का तांडव और राहत की उम्मीद टूटना, फिर इस सबके बाद परिवार के एक या अधिक सदस्यों का बिछुड़ना यह स्थिति बेहद दर्दनाक है और यह स्थिति मनुष्य की इतनी तरक्की, प्रकृति पर उसकी विजय और विज्ञान की आश्चर्यजनक उपलब्धियों के बावजूद हमारे सामने है। सोचने को मजबूर होना पड़ता है कि दुनिया विकास के रास्ते पर आखिर कहां तक पहुंच सकी है, और कहां जा रही है। इस स्थिति का दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि इस बड़ी मानवीय त्रासदी के प्रति विश्व में काफी हद तक संवेदनहीनता बनी हुई है। व्यापक स्तर पर तो यही देखा जा रहा है कि दुनिया के सुख-समृद्धि के इलाकों में भोग-विलास की संस्कृति अफ्रीका के इस संकट से लगभग पूरी तरह बेखबर होकर पहले से भी और आगे बढ़ती जा रही है। अफ्रीका के एक बड़े क्षेत्र की यह स्थिति कैसे हुई? इसकी शुरुआत तो बहुत पहले ही हो गई थी जब गुलाम व्यापार के अंतर्गत अफ्रीका के बहुत से युवकों को बाहर के देशों में बेचा गया। इस कारण कृषि कार्य के लिए उपलब्ध श्रम-शक्ति में कमी आई और उस पर समुचित ध्यान न दिया जा सका। औपनिवेशिक काल में किसानों और पशुपालकों पर तरह-तरह के कर लगाए गए। इसके लिए उन्हें भूमि की क्षमता से अधिक खेती करनी पड़ी या चरागाहों का अत्यधिक दोहन करना पड़ा। किसानों पर तरह-तरह से दबाव डाला गया कि वे अपनी खाद्य फसलों के स्थान पर उन व्यापारिक फसलों का उत्पादन करें जिन्हें विदेशी शासक अपने कच्चे माल के लिए चाहते थे।

भारत डोगरा

समकालीन दुनिया की एक बड़ी त्रासदी यह है कि पिछले कुछ दशकों में अफ्रीका महाद्वीप में लाखों लोगों की भूख, अल्प पोषण से मृत्यु हुई है। पर्यावरण और विकास पर विश्व आयोग (ब्रुंडटलैंड आयोग) ने अनुमान लगाया था कि 1984-87 के बीच अढ़ाई वर्ष में अफ्रीका में इस कारण लगभग दस लाख लोगों की मौत हुई। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुमान के अनुसार 1984-92 के दौरान अफ्रीका में भूख के कारण बीस से तीस लाख मौतें हुई। 1984-85 के दौरान केवल इथियोपिया में 3 लाख मौतें अकाल के कारण हुई और मोजाम्बीक में एक लाख मौतें इस कारण हुई। 2011 में सोमालिया में भूख और अकाल से 2 लाख 60 हजार लोगों की मृत्यु हुई।

कई महीनों से भीषण भूख और कुपोषण से पैदा होने वाली कमजोरी, निरंतर राहत का इंतजार, इस सबके बीच भी जगह-जगह हिंसा का तांडव और राहत की उम्मीद टूटना, फिर इस सबके बाद परिवार के एक या अधिक सदस्यों का बिछुड़ना यह स्थिति बेहद दर्दनाक है और यह स्थिति मनुष्य की इतनी तरक्की, प्रकृति पर उसकी विजय और विज्ञान की आश्चर्यजनक उपलब्धियों के बावजूद हमारे सामने है। सोचने को मजबूर होना पड़ता है कि दुनिया विकास के रास्ते पर आखिर कहां तक पहुंच सकी है, और कहां जा रही है। इस स्थिति का दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि इस बड़ी मानवीय त्रासदी के प्रति विश्व में काफी हद तक संवेदनहीनता बनी हुई है। व्यापक स्तर पर तो यही देखा जा रहा है कि दुनिया के सुख-समृद्धि के इलाकों में भोग-विलास की संस्कृति अफ्रीका के इस संकट से लगभग पूरी तरह बेखबर होकर पहले से भी और आगे बढ़ती जा रही है।

अफ्रीका के एक बड़े क्षेत्र की यह स्थिति कैसे हुई? इसकी शुरुआत तो बहुत पहले ही हो गई थी जब गुलाम व्यापार के अंतर्गत अफ्रीका के बहुत से युवकों को बाहर के देशों में बेचा गया। इस कारण कृषि कार्य के लिए उपलब्ध श्रम-शक्ति में कमी आई और उस पर समुचित ध्यान न दिया जा सका। औपनिवेशिक काल में किसानों और पशुपालकों पर तरह-तरह के कर लगाए गए। इसके लिए उन्हें भूमि की क्षमता से अधिक खेती करनी पड़ी या चरागाहों का अत्यधिक दोहन करना पड़ा। किसानों पर तरह-तरह से दबाव डाला गया कि वे अपनी खाद्य फसलों के स्थान पर उन व्यापारिक फसलों का उत्पादन करें जिन्हें विदेशी शासक अपने कच्चे माल के लिए चाहते थे। अफ्रीका की जलवायु, मिट्टी और अन्य प्राकृतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यहां कई शताब्दियों के अनुभव के आधार पर कृषि और पशुपालन के अपने ही तरह के तौर-तरीके विकसित किए गए थे।

औपनिवेशिक शासकों को न तो इनकी समझ थी, न इनकी परवाह थी। उनके सामने तो बस अपने हित थे और इनके अनुकूल वे यहां की कृषि और पशुपालन व्यवस्था पर कोई भी बदलाव थोपने में नहीं हिचकते थे। इससे हो रहे नुकसान को अनेक देशों में आजादी के बाद भी नहीं पहचाना गया। विदेशी निवेश और सहायता के नाम पर आई बड़ी-बड़ी कंपनियों ने मनमाने ढंग से भू-उपयोग और फसल-चक्र में परिवर्तन किए। अफ्रीका के कुछ देशों में कुछ बड़ी खाद्य कंपनियों ने अपने व्यापारिक हितों के प्रसार की अच्छी संभावनाएं देखीं। एक ओर तो उन्हें यहां बहुत बड़े पैमाने पंर खाली जमीन मिल सकती थी जितनी शायद दुनिया के किसी अन्य भाग में नहीं। दूसरे, इस जमीन का उपयोग यूरोप और पश्चिम एशिया के अधिक क्रय शक्ति वाले बाजार के लिए सब्जियां और फल उगाने के लिए किया जा सकता था, क्योंकि अफ्रीका के इन देशों (जैसे सेनेगल) की दूरी पश्चिम एशिया और यूरोप, दोनों से अधिक नहीं थी।

ऐसी फसलों का भी उत्पादन आरंभ किया गया जो भूमि के अनुकूल नहीं थीं। बड़े बांधों आदि से कई जगह विस्थापन हुआ। इस तरह अफ्रीका की बहुत सी अच्छी जमीन को इन बड़ी कंपनियों ने घेर लिया। इन देशों की सरकारों का अधिक ध्यान इन निर्यात की फसलों के सफल उत्पादन और इन बड़ी प्लांटेशनों की सही देखरेख की ओर चला गया। देश की बहुत सी जमीन और अन्य संसाधन निर्यात फसलों के उत्पादन में लग गए और स्थानीय खाद्य फसलों की ओर कम ध्यान दिया जाने लगा। वन विनाश भी बहुत हुआ। इस विकास की बहुत सी विसंगतियां बाद में अकाल के समय सामने आई। यह देखा गया कि नई प्लांटेशनों के कारण अनेक घुमंतू पशुपालकों के परंपरागत मार्ग अवरुद्ध हो गए थे। इन नये बाग-बगीचों के आसपास बड़ी संख्या में ऐसे पशुपालकों की मौत के समाचार मिले।

यह भी देखा गया कि एक ओर जब भूख से इन देशों में हजारों लोग मर रहे थे उसी समय हवाई जहाजों को ताजा सब्जियों और फलों से लाद कर यूरोप के देशों में भेजा जा रहा था। अफ्रीका में भूख के बढ़ते संकट के लिए वहां का अपना अभिजात्य वर्ग भी कोई कम जिम्मेदार नहीं है।

औपनिवेशिक समय से ही बाहरी शासकों की देखा-देखी उन्होंने शानो-शौकत की तरह-तरह की गैर-जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं के आयात की आदत बना ली थी, पर इस आयात के लिए विदेशी मुद्रा कहां से मिलती? इसके लिए किसानों पर निर्यात की दृष्टि से उपयोगी फसलों के लिए जोर डाला गया और खाद्य फसलों के उत्पादन की विशेष उपेक्षा हुई। इस कारण सूखे जैसे संकट का सामना करने के लिए अनाज के पर्याप्त भंडार प्रायः यहां जमा नहीं हो सके। कुछ सरकारों ने जरूर अलग नीति अपनाने का प्रयास किया जैसे जिंबाब्वे में रॉबर्ट मुगाबे की सरकार ने और इन प्रयासों के फलस्वरूप उन्हें खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में सफलता भी मिली, पर अधिकतर अन्य देशों की स्थिति निराशाजनक ही रही। यदि अफ्रीका के देशों को अपनी निर्यात फसलों के लिए उचित मूल्य मिलता रहता तो गनीमत थी, पर जैसा कि पिछले अनेक वर्षों में देखा गया है कि कुछ खास मौकों को छोड़कर अफ्रीका के देशों से निर्यात होने वाली निर्यात फसलों के मूल्य की स्थिति अच्छी नहीं रही है। विदेशी मुद्रा कमाने के लिए निर्यात फसलों का बढ़-चढ़ कर उत्पादन करने के बावजूद इन देशों की विदेशी मुद्रा की स्थिति निरंतर बिगड़ती ही गई।

विकसित देशों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के कर्ज का बोझ उन पर बढ़ता गया। उनकी निर्यात आय का बड़ा हिस्सा ऋण की वार्षिक अदायगी में निकल जाने से उन्हें निर्यात फसलों को बढ़ाने के लिए और भी जोर देना पड़ा। ऋणग्रस्तता बढ़ जाने के बाद ऋणदाताओं और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने आर्थिक नीति-संबंधी अपनी नीतियां मनवानी भी आरंभ की जिससे सरकारी खर्च में कमी करनी पड़ी और अनेक जरूरी विकास कायरे और राहत कायरे में भी बाधा पड़ी । इसमें संदेह नहीं कि भुखमरी का संकट बढ़ जाने के बाद अनेक विकसित देशों से खाद्यान्न और अन्य सहायता अफ्रीका में भेजी गई है, पर यहां की स्थिति इतनी बिगड़ी, इसमें भी विकसित देशों के शोषण और अपने आर्थिक हित साधने की नीतियों का कम हाथ नहीं है। अफ्रीका के अनेक देशों में आंतरिक कलह, हिंसा की वारदातों और कुछ जगह तो गृहयुद्ध जैसी स्थिति के कारण भी अकाल की स्थिति अधिक विकट हुई है।

तगड़ा घोटाला हुआ

विनीत नारायण

जब भी कभी हम किसी प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक होने की खबर सुनते हैं, तो सबके मन में व्यवस्था को लेकर काफी सवाल उठते हैं। इससे पूरी व्यवस्था में फैले हुए भारी भ्रष्टाचार का प्रमाण मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी खबरें कुछ ज्यादा ही आने लगी हैं। सोचने वाली बात है कि इससे देश के युवाओं पर क्या असर पड़ेगा? महीनों तक परीक्षा के लिए मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के मन में इस बात का डर बना रहेगा कि रसूखदार परिवारों के बच्चे पैसे के बल पर उनकी मेहनत पर पानी फेर देंगे? मध्य प्रदेश में हुए व्यापम घोटाले के बाद अब एक बार फिर मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए ह्यनीट परीक्षाह्न में हुए घोटाले पर जो बवाल मचा है, उससे तो यही लगता है कि चंद भ्रष्ट लोगों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है।साल 2016 में पहली बार मेडिकल एंट्रेंस के लिए ह्यनेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्टह्न यानी नीट की शुरुआत हुई। पहले तीन वर्षों में इसे सीबीएसई द्वारा संचालित किया गया परंतु साल 2019 से इन इम्तिहानों की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को दी गई। जब से नीट की परीक्षा लागू हुई है, ऐसा पहली बार हुआ है कि इस परीक्षा की कटऑफ इतनी हाई गई है। यदि एनटीए की मानें तो ह्यनीट कटऑफ कैंडिडेट्स की ओवरऑल परफॉर्मेंस पर निर्भर करती है। कटऑफ बढने् का मतलब है कि परीक्षा कंपटीटिव थी और बच्चों ने बेहतर परफॉर्म किया परंतु क्या यह बात सही है?गौरतलब है कि इस बार की नीट परीक्षा में 67 ऐसे युवा हैं, जिन्हें 720 अंकों में से 720 अंक मिले हैं। ऐसे कई युवा भी हैं, जिन्हें 718 और 719 अंक प्राप्त हुए हैं, जो परीक्षा पद्धति के मुताबिक असंभव है। 720 के टोटल मार्क?स वाली नीट परीक्षा में हर सवाल 4 अंक का होता है। गलत उत्तर के लिए 1 अंक कटता है। अगर किसी स्टूडेंट ने सभी सवाल सही किए तो उसे 720 में से 720 मिलेंगे। अगर एक सवाल का उत्तर नहीं दिया, तो 716 अंक मिलेंगे। अगर एक सवाल गलत हो गया, तो उसे 715 अंक मिलने चाहिए।लेकिन 718 या 719 किसी भी सूरत में नहीं मिल सकते। जाहिर है कि तगड़ा घोटाला हुआ है। जिन विद्यार्थियों ने इस वर्ष नीट परीक्षा दी उनसे जब यह पूछा गया कि इस बार की परीक्षा कैसी थी? तो उनका जवाब था कि इस बार की परीक्षा काफी कठिन थी, कटऑफ काफी नीचे रहेगी। एनटीए द्वारा एक और स्पष्टीकरण भी दिया गया है जिसके मुताबिक इस बार टॉप करने वाले कई बच्चों को ग्रेस मार्क?स भी दिए गए हैं। इसका कारण है कि फिजिक्स के एक प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। ऐसा इसलिए है कि फिजिक्स की एक पुरानी किताब, जिसे 2018 में हटा दिया गया था, अभी भी पढ़ी जा रही थी। परंतु यहां सवाल उठता है कि आजकल के युग में जहां सभी युवा एक दूसरे के साथ सोशल मीडिया के किसी न किसी माध्यम से जुड़े रहते हैं, या फिर जहां कोचिंग लेते हैं, वहां पर सबसे संपर्क में रहते हैं। फिर ये कैसे संभव है कि छह साल पुरानी किताब को सही नहीं कराया गया होगा?

अगला सवाल यह भी उठता है कि एनटीए द्वारा किस आधार पर ग्रेस मार्क?स दिए गए? जबकि मेडिकल परीक्षाओं में ग्रेस मार्क?स देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनटीए ने ग्रेस मार्क?स देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के 2018 के एक आदेश का संज्ञान लिया है, जिसके अनुसार यदि प्रशासनिक लापरवाही के कारण परीक्षार्थी का समय खराब हो तो किन विद्यार्थियों को किन परिस्थितियों में कितने ग्रेस मार्क?स दिय् जा सकते हैं। परंतु गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का यहां उल्लेख किया जा रहा है वह कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) के लिए था, उसी आदेश में यह साफ-साफ लिखा है कि यह आदेश मेडिकल और इंजीनियरिंग की परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा परंतु एनटीए ने न जाने किस आधार पर इस आदेश को संज्ञान में लिया और ग्रेस मार्क?स दे दिए? नीट परीक्षा का यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है, और अदालत ने नीट परीक्षा करवाने वाली एजेंसी एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है।

मोदी की पहली विदेश यात्रा सकारात्मक

इटली के अपूलिया में संपन्न हुए जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आउटरीच सत्र में वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। इस क्रम में तमाम वैश्विक राजनीतिक हस्तियों से उनका मिलना हुआ। इनमें पोप फ्रांसिस भी शामिल थे, जिन्होंने भरपूर गर्मजोशी से मोदी को गले लगाया और विचार-विमर्श किया। मोदी ने पोप को भारत आने का न्योता भी दिया। भारत में कैथोलिक इसाइयों की संख्या एशिया में दूसरे नंबर पर है।भारत के केरल जैसे राज्यों में ईसाइयों की संख्या खासी है, इसलिए इसे संकेत माना जा रहा है कि मोदी ने भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि को दर्शाया है। जी-7 यानी ग्रुप ऑफ सेवन दुनिया केसबसे अमीर और खुद को अत्याधुनिक मानने वाले मुल्कों की संस्था है।

कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन, अमेरिका और जापान ये सात देश हैं। इनकी ग्लोबल ट्रेड और वैश्विक वित्त पण्राली पर खासी पकड़ है। इस बार ये सब आर्थिक सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों को लेकर विमर्श कर रहे थे।

चूंकि भारत विकसित होती अर्थव्यवस्था है, इसलिए वे उसके सहयोग और लाभ की साझेदारी पर काम करने को इच्छुक हैं। इस सम्मेलन में दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के साथ भारत प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को इसी खास मकसद से आमंत्रित किया गया था।

माना जा रहा है कि जी-7 देश चीन और रूस की बढ़ती आर्थिक ताकत को लेकर चिंतित हैं। इस मौके का फायदा उठाने में मोदी सफल होते नजर आ रहे हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के प्रति सरकार की जिम्मेदारी को भी मदद मिलने की उम्मीद है।

इस मसले पर बनने वाले अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों द्वारा देश में बढ़ रहे साइबर क्रइम पर सख्ती की जा सकेगी। हालांकि यह कहना गलत नहीं है कि इस गुट के पास ऐसे कोई अधिकार नहीं हैं, जिनके बल पर कोई भी निर्णय जबरन लागू कराया जा सके, मगर भारत को इन देशों से जो सहयोग और लाभ मिल सकते हैं, उनके प्रति यदि मोदी सफल होते नजर आते हैं तो यह देश के भविष्य के लिए बेहतर करने का घटनाक्रम ही कहा जाएगा।

अक्षय कुमार की सरफिरा का ट्रेलर रिलीज, अभिनेता के जुझारू अंदाज ने जीत लिया दिल

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार इस साल भी अपनी कई फिल्मों से सबका मनोरंजन करने की तैयारी में हैं।आखिरी बार बड़े मियां छोटे मियां में टाइगर श्रॉफ के साथ दिखे अक्षय अब अपनी दूसरी फिल्म सरफिरा की रिलीज की तैयारियों में जुट गए हैं।जिस दिन से फिल्म का ऐलान हुआ था उसी दिन से दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था। यह इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि ट्रेलर ने यूट्यूब पर दस्तक दे दी है।सामने आए सरफिरा के ट्रेलर में अक्षय को एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाते देखा जा रहा है, जो आम लोगों के लिए कम दामों में हवाई यात्रा करना संभव करना चाहता है। वह ऐसा करने के लिए अपनी एयरलाइन शुरू चाहता है।इस संकल्प को पूरा करने के लिए अक्षय को राजनेताओं के ऑफिस में चक्कर काटने से लेकर कई तरह की मुश्किलों का सामना करते दिखाया गया है।अक्षय इस जुझारू किरदार में काफी प्रभावित कर रहे हैं।अक्षय और राधिका मदान अभिनती सरफिरा दक्षिण भारतीय अभिनेता सूर्या की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरू की आधिकारिक हिंदी रीमेक है।फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा कर रहे हैं। सुधा ने ही सोरारई पोटरू का निर्देशन किया था और उन्हें इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था।

बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मुंज्या की पकड़ बरकरार, 60 करोड़ रुपये की ओर दैनिक कमाई

मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे सितारों से सजी फिल्म मुंज्या का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।वीकेंड पर बढिय़ा प्रदर्शन करने के बाद मुंज्या कामकाजी दिनों में भी बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छाप रही है।आइए जानते हैं फिल्म मुंज्या ने अपनी रिलीज के 11वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंज्या ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार 5 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 58.80 करोड़ रुपये हो गया है।मुंज्या में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है। हॉरर के साथ कॉमेडी के तडक़े से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

भारत की मजबूत बल्लेबाजी सुपर-8 में एक्स फैक्टर: रॉबिन सिंह

नई दिल्ली, 20 जून। टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया का पहला सुपर 8 मैच अफगानिस्तान के खिलाफ होगा। मैच को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। दोनों ही एशियाई टीमें टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं। इस बीच भारत के पूर्व ऑलराउंडर रॉबिन सिंह ने कहा कि भारत की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप सुपर-8 में उनके लिए एक्स फैक्टर है।रॉबिन सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम गुरुवार रात बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ अभियान की शुरुआत करने से पहले काफी अच्छी फॉर्म में है। उन्होंने कहा कि टीम का मजबूत बल्लेबाजी क्रम काफी अंतर पैदा कर सकता है। भारत ने यूएसए में आयोजित मैचों में ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया और सुपर-8 में आसानी से जगह बनाई। भारत ने 2010 से पुरुषों के टी20 में अफगानिस्तान से आठ बार मुकाबला किया है, और हर बार मैच पर अपना कब्जा जमाया है।

रॉबिन ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक महत्वपूर्ण मैच है। जब भी भारत सुपर 8 का अपना पहला मैच खेलता है तो यह काफी महत्वपूर्ण होता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात जीतना है। अफगानिस्तान ने काफी अच्छा क्रिकेट खेला है।

उनके पास वाकई बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, जिसका वे इस्तेमाल करेंगे। शायद यह मैदान उनके लिए उतना अनुकूल न हो। भारतीय टीम भी अच्छी फॉर्म में है। उसने सभी मैच जीते हैं। उसके पास बेहतरीन गेंदबाजी है, साथ ही एक मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप भी है। इसलिए, इससे बहुत फर्क पडऩा चाहिए।

ग्रुप 1 से शीर्ष दो टीमों में शामिल होने और सेमीफाइनल में प्रवेश करने की अपनी कोशिश में भारतीय टीम बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से भी भिड़ेगी।

भारत के लिए 136 वनडे मैच खेलने वाले रॉबिन सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि हर मैच महत्वपूर्ण है। टी20 में कोई भी जीत सकता है। हमने अब तक विश्व कप में देखा है कि कमजोर टीमों ने कई उलटफेर किए हैं। लेकिन मुझे लगता है कि इसमें विकेटों की अहम भूमिका रही है। सच कहूं तो विकेट बहुत अच्छे नहीं थे। तो, उम्मीद है कि अब वे बारबाडोस में खेल रहे हैं, जो एक अच्छी विकेट है। यह काफी अच्छा ट्रैक है और हमेशा की तरह यह तेज गेंदबाजी के अनुकूल है।

वेब सीरीज मिर्जापुर 3 का टीजर जारी, इस बार आर या पार की होगी लड़ाई

अमेजन प्राइम वीडियो पिछले दो हफ्ते से मिर्जापुर 3 के पोस्टर और वीडियो के जरिए इसकी रिलीज डेट को लेकर लगातार दर्शकों को हिंट दे रहा है। इसी बीच अब मेकर्स ने हाल ही में मिर्जापुर 3 का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें पहले के दो सीजन से भी ज्यादा खौफ और भौकाल देखने को मिल रहा है।सामने आए टीजर ने दर्शकों का दिल और दिमाग झकझोर कर रख दिया है।

मिर्जापुर 3 के टीजर की शुरुआत जंगल में शेरों की झलकियों से होती है और बैकग्राउंड में बाउजी कुलभूषण खरबंदा की आवाज सुनाई दे रही है। जो सीरीज के सभी स्टारकास्ट की तुलना किसी न किसी जानवर से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। शेर से भिडऩे के लिए इस बार जंगल में जंगली बिल्लियां चालाक लोमडिय़ां और तूफानी चीता तैयार है। इन सभी की नजरें मिर्ज़ापुर के सिंहासन पर है। ट्रेलर में अपना दबदबा कायम रखने के लिए कहानी का हर किरदार नए दांव-पेंच लगाता नजर आ रहा है। अब देखने ये दिलचस्प होगा कि जंगली बिल्ली, चालाक लोमड़ी का रास्ता काट पाने में कितनी सफल होंगी, ये देखने के लिए आपको जुलाई तक का इंतजार करना होगा। फिलहाल मिर्जापुर 3 के टीजर ने आते ही सोशल मीडिया पर घमासान मचा दिया है। फैंस टीजर को काफी पंसद कर रहे हैं। टीजर रिलीज ने फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है।

वहीं टीजर के साथ ही मिर्जापुर 3 सीरीज़ का प्रीमियर डेट भी सामने आ गया है। 10 एपिसोड की इस सीरीज़ का प्रीमियर 5 जुलाई को भारत और दुनिया भर में होने जा रहा है। एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस और क्रिएट की गई इस क्रइम-थ्रिलर सीरीज़ को दर्शकों ने काफी पसंद किया है,

सॉल्ट और बेयरस्टो की तूफानी पारी, इंग्लैंड ने सुपर-8 में वेस्टइंडीज को हराया

ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया), डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप 2024 के दूसरे सुपर-8 मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। इंग्लिश टीम की इस जीत में फिल सॉल्ट और जॉनी बेयरस्टो ने अहम भूमिका निभाई। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टूर्नामेंट की सह-मेजबान वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 180 रन बनाए।

जवाब में इंगलैंड ने वेस्टइंडीज को 15 गेंद शेष रहते 8 विकेट से हरा दिया। जोस बटलर (25 रन) ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। इसके बाद मोईन अली 13 रन बनाकर जल्द पवेलियन लौट गए। लेकिन फिल सॉल्ट ने टीम की पारी संभालते हुए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 47 गेंद पर 5 छक्के और 7 चौके जड़ते हुए नाबाद 87 रन की तूफानी पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान उनका पूरा साथ जॉनी बेयरस्टो ने दिया। बेयरस्टो (नाबाद 48 रन) अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए लेकिन उनकी तेज पारी ने वेस्टइंडीज को मैच में बैकफुट पर धकेल दिया। फिल सॉल्ट और बेयरस्टो के बीच नाबाद 97 रनों की साझेदारी इस मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था और मार्क वुड की टीम में वापसी हुई थी। ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स ने वेस्टइंडीज को एक ठोस शुरुआत दिलाई थी। किंग को बीच में ही मांसपेशियों में खिंचाव आया और उन्हें मैदान छोडक़र जाना पड़ा लेकिन निकोलस पूरन ने चार्ल्स के साथ मिलकर पहले अर्धशतकीय साझेदारी की और फिर रोवमन पॉवेल के साथ भी पूरन की साझेदारी पनपी। इन छोटी-छोटी साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज ने एक अच्छा टोटल सेट किया। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 181 रन का टारगेट दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जॉनसन चार्ल्स 38, रोवमेन पॉवेल 36, निकोलस पूरन 36 और शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद 28 रन बनाकर आउट हुए।

एक नजर

रांसी स्टेडियम में मनाया जाएगा अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : 21 जून अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रांसी स्टेडियम में योगाभ्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत प्रतिभाग करेंगे। जनपद स्तर पर अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस रांसी स्टेडियम पौड़ी में प्रातः 07 बजे से शुरू किया जायेगा। योग दिवस मे अवसर पर मंत्री के अलावा गढ़वाल आयुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वहीं पर्यटन विभाग द्वारा योग दिवस के उपलक्ष्य में कंडोलिया मैदान से मांडाखाल तक साइकिल रैली का आयोजन भी किया जायेगा।

आज पौड़ी में लगेगा जनता दरबार

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार पौड़ी में केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनमानस तक पहुंचाये जाने के संबंध में जनता दरबार आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय पर बैठक में पूरी तैयारी के साथ प्रतिभाग करने के निर्देश दिये हैं।

नालियों के सुधारीकरण की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : डांग के लोगों ने श्रीनगर-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर डांग से गोविंद बल्लभ पंत के क्षेत्रीय संस्थान तक टूटी नालियों को सुधारीकरण किये जाने की मांग की है। इस संदर्भ में डांग क्षेत्रवासियों ने गुरुवार को एनएच के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य पंकज सती, गिरीश चंद, विजेंद्र नेगी, महेंद्र गैरोला, लक्ष्मण कण्डवाल ने कहा कि श्रीनगर-पौड़ी हाईवे पर एनएच विभाग द्वारा डांग और पराग डेयरी से होते हुए तहसील कार्यालय होते हुए गोविंद बल्लभ पंत के क्षेत्रीय संस्थान तक नालियां पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी है। उन्होंने जल्द से नालियों की मरम्मतीकरण किये जाने की मांग की है। कहा कि डांग से पौड़ी हाईवे पर त्रीव बैंड होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने उक्त बैंड पर साइड मिरर लगाये जाने की मांग की है। जिससे लोग दुर्घटनाग्रस्त होने से बच सकें। इस मौके पर योगेश असवाल, अरुण बहुगुणा सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

कई गांवों में विद्युत आपूर्ति रही बाधित, अंधेरे में गुजारी रात

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बुधवार देर शाम पौड़ी शहर और आसपास क्षेत्रों में आंधी चलने से कई जगहों पर विद्युत आपूर्ति ठप रही। जिससे पौड़ी, कोट ब्लॉकों के कई गांवों में लोगों को रात अंधेरे में गुजारने को मजबूर रहे। पैडुलस्यूं पट्टी के डुंगरी गांव निवासी गणेश नेगी ने बताया कि देर शाम आंधी तूफान चलने से क्षेत्र के कई गांवों में रात भर बिजली गुल रही। साथ ही घुडदौड़ी व खांड्यूसैंण सहित 12 गांवों में लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारी पड़ी। ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह रावत ने बताया कि बुधवार की देर शाम को आंधी तूफान चलने से कई जगहों पर बिजली की लाइन में पेड़ गिर गए थे। गुरुवार सुबह से ही विभाग की तकनीकी टीम को इन जगहों पर भेजा गया। दिन तक सभी जगहों पर लाइन दुरूस्त कर बिजली सुचारू कर दी गई है।

ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों में मारे छापे

रूद्रप्रयाग : औषधि निरीक्षक मानवेन्द्र राणा ने गुरुवार को यात्रा मार्ग के प्रमुख बाजारों में मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। रुद्रप्रयाग, गौरीकुंड, रामपुर, सोनप्रयाग, फाटा, गुप्तकाशी के कुछ मेडिकल स्टोरों में अनियमितता मिली। जबकि मौके पर 18 दवाओं के सैम्पल भरे गए। गुरुवार को ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा अनियमितता रखने वाले व्यापारियों को व्यवस्थित करने के आदेश दिए गए। साथ ही यात्रा पड़ावों पर हर समय दवा की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए निर्देशित किया गया। ओवररेटिंग करने वालों की शिकायत पर ड्रग ऐक्ट में अभियोग पंजीकृत करने की चेतावनी भी व्यापारियों को दी गई। इसके अलावा उन्होंने 18 दवाओं के सैंपल भरे गए, जिनकी गुणवत्ता जांचने के लिए प्रयोगशाला को भेजा जाएगा। औषधि निरीक्षक मानवेन्द्र राणा ने बताया कि भविष्य में भी यात्रा पड़ावों में गुणवत्तायुक्त दवाओं की उपलब्धता पूर्ण कराने और ओवररेटिंग को रोकने के लिए विभागीय स्तर से निरीक्षण जारी रहेगा। (एजेंसी)

लाखों की ठगी करने वाला ईनामी बदमाश गिरफ्तार

कूटरचित चेक बनाकर यमकेश्वर तहसील के खाते से ठगी गई थी रकम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : यमकेश्वर तहसील के खाते से लाखों की ठगी करने वाला फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आरोपी पर 25000 हजार रुपये का ईनाम रखा गया था। मामले में दो आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

मालूम हो कि यमकेश्वर तहसीलदार सुधा डोबाल ने मामले में 20 नवंबर को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि यमकेश्वर तहसील के एक खाते की चेक बुक के कूटरचित चेक बनाकर खाते से 11,17,027 रूपए की निकासी की गई। बताया कि उक्त निकासी तेरह चेकों के जरिए की गई। धनराशि निकालने का क्रम अगस्त 2023 से नवंबर 2023 तक रहा। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपितों ने कूटरचित चेकों के माध्यम से साउथ इंडियन बैंक के खाता धारक निहाल सिन्हा, रोहित राज द्वारा नकदी की निकासी की गई। कूटरचित चैकों द्वारा बिहार राज्य के बेगुसराय, लखीसराय, मुंगेर से धनराशि निकाली गई थी। जिन खातों से निकासी की गई, उक्त सभी खाते फर्जी नाम-पते व फर्जी आधार कार्ड पर खोले गए थे। टीम ने विभिन्न स्थानों पर एटीएम के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि निहाल सिन्हा व रोहित राज ने पटना के विभिन्न एटीएम से अपने व अन्य फर्जी खातों के एटीएम से धन निकासी की। जिसके बाद पुलिस ने बिहार में पटना में थाना कंकरबाग के चांदमारी चौक से निहाल सिन्हा व रोहित राज को गिरफ्तार कर दिया था। जबकि, मामले में मास्टर माइंड बिहार के जिला लकीसराय के अंतर्गत मेदनी चौक के ग्राम हुसेना निवासी गोरे लाल यादव उर्फ दीपक यादव उर्फ गोरखा पुत्र दिनेश यादव फरार चला रहा था। यमकेश्वर थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को पुलिस ने आरोपित गोरे लाल याद को बिहार से गिरफ्तार किया।

कोटद्वार पुलिस की हिरासत में ठगी का फरार आरोपित गोरे लाल

ऐसे निकालते थे धनराशि

गैंग लीडर गोरे लाल यादव उर्फ दीपक कुमार उर्फ गोरखा बैंको में सरकारी निकायों/कार्यालयो के चेक/खाता संख्या आदि की जानकारी लेकर खातों की चेक बुक का क्लोन बनाता था। इन्हीं चेकों से धनराशि निकाली जाती थी। गोरे लाल यादव आदिवासी क्षेत्रों में रह रहे अशिक्षित लोगों को प्रलोभन देकर बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट लेता था और उनकी फोटो की जगह किसी अन्य की फोटो लगा कर फर्जी आधार कार्ड तैयार करता था। फर्जी आधार कार्ड से फर्जी सिम लेने के साथ ही फर्जी खाते खुलवाए जाते थे।

हृदय गति रुकने असम राइफल्स के जवान की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत घमंडपुर निवासी असम राइफल्स-37 बटालियन के जवान सूबेदार हीरालाल की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। हीरालाल वर्तमान में इंफाल मणिपुर में तैनात थे। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार हरिद्वार स्थित चंडिघाट में किया गया। सैनिक की मौत पर क्षेत्रवसियों के साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी शोक व्यक्त किया है।

घमंडपुर क्षेत्र के निर्वतमान पार्षद कुलदीप रावत ने बताया कि घमंडपुर निवासी सूबेदार हीरालाल (52) पुत्र स्व. अजित राम वर्तमान में इंफाल मणिपुर में कार्यरत थे। 17 जून को हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई थी। सेना की ओर से घटना की जानकारी स्वजनों को दी गई। बताया कि बुधवार रात सेना उनके पार्थिक शरीर को लेकर उनके घर पहुंची। शव को देखते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार को नायब तहसीलदार श्रीधर प्रसाद नौटियाल ने सैनिक के पार्थिक शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। गढ़वाल रेजीमेंटर सेंटर के सैनिकों ने सलामी देते हुए सैनिक को अंतिम विदाई दी। सैनिक हीरालाल के चार बच्चे है, जिसमें दो बेटियां व दो बेटे हैं। बेटियों की शादी हो चुकी है। जबकि दोनों बेटे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। सैनिक के बड़े पुत्र मोहित व छोटे पुत्र रोहित ने उन्हें मुखाग्नि दी।

सैनिक को श्रद्धांजलि देते सेना की अधिकारी

पौध रोपण अभियान चलाने का निर्णय

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति ने वर्षाकाल में वन विभाग के साथ मिलकर पौध रोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आमजन को भी जागरूक किया जाएगा।

घिल्डियाल गांव गजवाड में स्थित गोरखनाथ मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष आरपी पंत व महासचिव सतीश चंद्र शर्मा ने आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कहा कि वन महोत्सव के तहत एक से सात जुलाई तक लालपानी में पौधा रोपण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही सात जुलाई से श्री गुरुगोरखनाथ महाविद्यालय बिथ्याणी में अभियान चलाया जाएगा। 24 जुलाई को भैरवगढ़ी मंदिर परिसर, 31 जुलाई को घिल्डियाल गांव में पौधा रोपण अभियान चलेगा। इस मौके पर अशोक नेगी, एसएन पोखरियाल, प्रकाश चंद्र हिंदवाण, दिनेश घिल्डियाल, उमानंद बड़ोला, हरिपाल सिंह रावत, बलवीर सिंह, मोहन सिंह नेगी, सुनील नेगी आदि मौजूद रहे।

छात्र संगठनों ने एनटीए को भंग करने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : छात्रों का कहना है कि एनटीए की ओर से जितनी परीक्षाएं कराई जा रही हैं उन सभी परीक्षाओं में धांधली साफ दिखाई नजर आ रही है। पहले नीट और अब नेट मामला सामने आना एनटीए को सवालों के घेरे में खड़ा करता है। आइसा से जुड़े अंकित उछोली ने कहा कि नीट और यूजीसी नेट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में धांधली होना सिस्टम फेल होने को दर्शाता है। उन्होंने पारदर्शी परीक्षा करवाने के तत्काल एनटीए को भंग करने की मांग की। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और एबीवीपी से जुड़े छात्र नेता गौरव मोहन नेगी ने कहा कि उन्होंने भी यूजीसी नेट की परीक्षा को लेकर तैयारियां की थी। लेकिन पेपर लीक होने के चलते उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। (एजेंसी)

शराब पीकर चला रहे थे वाहन, पुलिस ने की कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पहाड़ी रूट पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

नियमों की अनदेखी के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। ऐसे में पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने कोटद्वार से सतपुली के मध्य अभियान चलाते हुए एल्कोमीटर से वाहन चालकों की जांच की। इस दौरान चार वाहन चालक शराब के नशे में पाए गए। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को भी हेल्मेट पहनने की सख्त हिदायत दी।

देखकर धरती की तपन, बरसे बादलों के नयन

- कोटद्वार व आसपास के क्षेत्रों में मेहरबान हुए मेघ
- रात को तेज हवाओं के साथ होती रही बूंदाबांदी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आखिर धरती की तपन को देख बादलों का दिल पसीज गया और नयनों से झर-झर बरसात होने लगी। पहाड़ पर अच्छी वर्षा हुई। जबकि, कोटद्वार में भी बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया। बारिश के साथ चल रही तेज अंधड़ से कई स्थानों पर पेड़ भी गिर गए। गुरुवार को भी दोपहर तक आसमान में बादल छाये हुए थे। लेकिन, इसके बाद खिली धूप ने उमस का एहसास करवाया।

पिछले एक सप्ताह से गर्मी के तेवर लगातार बढ़ते जा रहे थे। भीषण गर्मी के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था। इसी बीच बुधवार रात अचानक तेज अंधड़ चलने लगी। जिससे भाबर क्षेत्र के कई स्थानों पर सूखे पड़े जमींदोज हो गए। वहीं, कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर भी एक बड़ा पड़े गिर गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने पेड़ को हटवाकर यातायात सुचारु करवाया। वहीं, गुरुवार सुबह भी हल्की बूंदा-बांदी हो रही थी। दोपहर डेढ़ बजे तक आसमान में बादल छाए हुए थे। लेकिन, इसके बाद अचानक खिली धूप ने उमस बढ़ा दी। जबकि, लैंसडौन, गुमखाल, चरेख सहित अन्य स्थानों पर मौसम पूरे दिन सुहावना बना हुआ था। अचानक बदले मौसम ने पर्यटकों के चेहरे खिला दिए थे।

तेज अंधड़ से कोटद्वार-चरेख मार्ग पर गिरा पेड़

स्वस्थ रहने के लिए जीवन में अपनाएं योग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व मालवीय उद्यान में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति की ओर से आयोजित योग शिविर में बच्चों के लिए योग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

योग शिक्षकों ने साधकों को योग के महत्व के बारे में बताया। कहा कि योग के माध्यम से हम स्वयं के शरीर को निरोग बना सकते हैं। हमें प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने की अपील की।

इस दौरान बच्चों के लिए योग प्रतियोगिता भी हुई। जिसके अव्वल प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के सदस्यों ने बताया कि 21 जून को मालवीय उद्यान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण मौजूद रहेंगी।

कोटद्वार के मालवीय उद्यान में योगाभ्यास करते साधक

लैंडसलाइड जोन बन सकते है खतरे के सबब

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऋषिकेश से लेकर कल्यासौड़ तक 12 लैंडसलाइड जोन सक्रिय हैं। बरसात में यह भूस्खलन जोन खतरे का सबब बन सकते हैं। जिसमें बछेलीखाल और चमधार में हल्की सी बारिश में पहाड़ी से मलबा आने का खतरा बना रहता है। यह भूस्खलन जोन एक ही बारिश में सक्रिय हो जाते हैं। हालांकि एनएच विभाग चारधाम की सुरक्षा के दावे कर रहा है।

श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिशासी अभियंता तनुज कामबुज ने बताया कि ऋषिकेश से लेकर कल्यासौड़ तक 12 भूस्खलन जोन सक्रिय है। बताया कि व्यासी, गुलरघाटी, तीमलपानी, अटालीगंगा, साकनीधार, बछेलीखाल और चमधार में भूस्खलन जोन बने हैं। जिसमें बछेलीखाल और चमधार अधिक संवेदनशील हैं। जो कि बरसात के समय अधिक सक्रिय हो जाते हैं। बताया कि सभी भूस्खलन प्रभावित इलाकों में जीसीबी की व्यवस्था की गयी है। साथ ही चमधार और साकनीधार में एक-एक डोजर भी लगाये गये हैं। बताया कि सभी भूस्खलन जोनों के प्रस्ताव केंद्र में रखे हैं। (एजेंसी)

शराब पीकर वाहन चलाने पर आठ चालक पकड़े

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिले की पुलिस यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस ने शराब पीकर वालन चलाने पर 8 वाहन चालकों के खिलाफ हुई कार्रवाई की। पुलिस सात जून से अब तक शराब पीकर वाहन चलाने वाले 76 चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहनों को सीज कर चुकी है।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में हर दिन शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। कोतवाली कोटद्वार ने चार, थाना लक्ष्मणझूला ने तीन, यातायात श्रीनगर ने एक वाहन चालक को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा। मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर चालकों की गिरफ्तारी के साथ-साथ वाहनों को सीज कर चालकों के डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। बताया कि बीती सात जून से अभी तक शराब पीकर वाहन चलाने वाले 76 चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहनों को सीज किया गया है।

22 जून तक करें पीजी के लिए आवेदन

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के आवेदन तिथि बढ़ा दी है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनील कुमार नौटियाल ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि छात्रहित को देखते हुए पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए आवेदन फार्म 22 जून तक बिना विलम्ब शुल्क के साथ विस्तारित कर दी गई है। (एजेंसी)

शिक्षा के साथ खेल युवाओं को नशे से रखेगा दूर : कंडारी

नई टिहरी : देवप्रयाग के ग्राम पंचायत कांडी बागडियों में युवा कल्याण विभाग का खेल मैदान का गुरुवार को विधायक विनोद कंडारी ने शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही दिशा देने और नशा और मादक पदार्थों से दूर रखने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की ओर अग्रसर करना होगा।

गुरुवार को 25 रुपये की लागत से बनने वाले खेल मैदान का शिलान्यास करते हुए विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत यह मैदान बनाया जा रहा है। कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। खेलो इंडिया, खेल महाकुंभ, मुख्यमंत्री उदीयमान योजना की तैयारियों के लिए खेल मैदान होने जरूरी हैं।

कहा कि मैदान बनने से युवा पीढ़ी को प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। जिसके बाद वह बड़े मंचों पर अधिकाधिक पदक हासिल कर सकेंगे।

जिला युवा कल्याण अधिकारी पंकज तिवारी ने बताया कि 50 गुणा 40 मीटर परिमाप के इस मैदान में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबाल जैसे खेल कराए जा सकेंगे। तीन माह के भीतर कार्यदायी संस्था को कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया है। देवप्रयाग विधानसभा में विभाग ने 4 से 5 खेल मैदान, मिनी स्टेडियम प्रस्तावित किए हैं। कहा कि जिले भर से मिनी स्टेडियम और खेल मैदान के प्रस्ताव संबंधित जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं। जिनका स्थल चयन समिति के निरीक्षण बाद शासन को भेजा जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सूरज पाठक, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जेपी चंद, बीडीसी विनोद बिष्ट, ग्राम प्रधान श्रीकांत, भारतीय कॉपरेटिव ग्रामीण विकास निर्माण लिमिटेड के ईई शिवेंद्र प्रताप, अनिल नेगी, प्रमोद चंद, दलवीर पंवार, लोकेंद्र, गोविंद पंवार, दिनेश पंवार, चतर लाल शाह मौजूद रहे। (एजेंसी)

भ्रष्ट अमीन पर कड़ी कार्यवाही की संस्तुति

नई टिहरी : जिला पंचायत की त्रैमासिक बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण की अध्यक्षता में हुई। जिंप अध्यक्ष ने कहा कि विभाग सदन के सदस्यों की शिकायतों पर कार्यवाही करने से बचने का प्रयास न करें, बल्कि निस्तारण तय समय के अंदर किया जाए। सड़क निर्माण से जुड़े विभागों की चर्चा के दौरान बंस्यूल जिला पंचायत सदस्य जयवीर रावत ने लोनिवि और पीएमजीएसवाई के इंजीनियरों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। पीएमजीएसवाई के एक अमीन पर मुआवजा वितरण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

विधायक उपाध्याय ने सख्त कार्रवाई की पैरवी की। जिस पर सीडीओ ने अमीन को हटाकर जांच का भरोसा सदन को दिया। सदन की बैठक में ऊर्जा निगम की कार्यप्रणाली पर भी खासा रोष जाहिर किया गया। (एजेंसी)

समर कैंप में बच्चों ने सीखी विज्ञान और गणित की बारीकियां

नई टिहरी : जौनपुर विकासखंड में बच्चों के लिए इन दिनों हिमोत्थान सोसाइटी ने मनोरंजन ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया है। जौनपुर में हिमोत्थान सोसाइटी के 21 सदस्यों ने 25 गांव में समर कैंप लगाए हैं।हिमोत्थान सोसाइटी के संदीप बिजलवान व मुकेश प्रसाद ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन तरीके से नई चीज सीखने का अवसर देना है। समर कैंप के माध्यम से गांवों के 800 बच्चों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चे प्रतिदिन दिलचस्प व मनोरंजक गतिविधियों में प्रतिभाग कर रहे हैं। जैसे गणित व विज्ञान के मॉडल बनाकर गणित एवं विज्ञान की बारीकियों को समझना, पेड़ पौधों के कार्यों को समझना, पर्यावरण के लिए वृक्षों की उपयोगिता, अपने क्षेत्र की मौसमी सब्जियां फल व फसलों की प्रति जागरूकता, चित्रकारिता से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कहानी निर्माण आदि बच्चों को कैंप के सिखाया रहा है।

एनएएस के परिणामों का तुलनात्मक अध्ययन करें

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रस्तावित कार्ययोजना एवं गतिविधियों को लेकर परिचर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने छात्रों की बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता पर जोर देते हुए डायट के शैक्षणिक कार्यक्रम और प्रशिक्षण गतिविधियों को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। ताकि छात्रों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) के परिणामों का तुलनात्मक अध्ययन करें और जिन विद्यालयों के परिणाम अच्छे नहीं रहे उन पर रिसर्च कर कमियों को दूर किया जाए। स्कूलों में बच्चों को ई-लर्निंग से पढ़ाने के लिए प्रभावी लर्निंग मटेरियल तैयार करते हुए शिक्षकों को भी इसके लिए प्रशिक्षित किया जाए। जिलाधिकारी ने डायट के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य शिक्षा अधिकारी से समन्वय बनाते हुए आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जाए। डायट के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने डायट के कार्य, दायित्व, संपादित कार्यक्रम एवं गतिविधियों से अवगत कराया और इस वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक धर्म सिंह रावत, डायट के प्रवक्ता और समग्र शिक्षा के समन्वयक एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कार्यालय,अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा
उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांक-2268/18ए0सी0 दिनांकः- 15/06/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल , उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु सील्ड निविदा दि0 25/06/2024 को अपराहन 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21/06/2024 से 24/06/2024 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 25/06/2024 को अपराहन 3.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं:-

1. अधीक्षण अभियन्ता 12 वृत्त, लो0निव0वि0, पौड़ी। 2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन। 4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	निविदा की वैद्यता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अंतर्गत विकास खण्ड दुगड्डा के मुख्यालय कोटद्वार में लालपुर-कलालघाटी-नयावाद पुराना कोटद्वार हरिद्वार मोटर मार्ग पर निर्मित 90 मी0 स्पान आर0सी0सी0 सेतु की सुरक्षा हेतु supply of excavator जैसे poclain का कार्य।	45,000.00	1,500+ जी0एस0टी0	45 दिन	03 माह	मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर

निविदा दिनांक 26/06/2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दूगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

एक नजर

बुजुर्गों, विधवा, विकलांगों को समय पर मिले पेंशनः माहरा

देहरादून। समाज कल्याण से जुड़ी वृद्धावस्था, विधवा और विकलांग पेंशन का समय से भुगतान न होने पर कांग्रेस ने सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने समय पर पेंशन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि प्रदेश के बुजुर्गों, विधवाओं और विकलांगों को तीन महीने से पेंशन का भुगतान नहीं किया गया है। इससे मालूम चलता है कि प्रदेश की नौकरशाही किस कदर बेलगाम हो चुकी है। सरकार के निर्देशों का भी अफसरों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। तीन महीने से पेंशन न मिलने से वृद्ध, विधवा और विकलांग लोगों के सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। सीएम से जल्द पेंशन जारी करवाने का अनुरोध किया। कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने कहा कि पेंशन की आस में लाभार्थी बैंकों के चक्कर काट रहे हैं। उन्हें रोज मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

वेतन भुगतान की मांग को लेकर शिक्षक-कर्मचारियों ने दिया धरना

रूद्रप्रयाग : अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल और जिला कार्यकारिणी के बैनर तले मुख्यालय स्थित डीईओ बेसिक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। संघ के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष शिव सिंह रावत के नेतृत्व में शिक्षक कर्मचारियों ने कहा कि माह मार्च से रुके वेतन का जीपीएफ कटौती के साथ तुरंत वेतन भुगतान होना चाहिए। मांग के समर्थन में नारेबाजी की। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि डीईओ बेसिक रुद्रप्रयाग के अड़ियल रवैए के कारण जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को माह मार्च से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। जिस कारण वे कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हुए हैं। (एजेंसी)

छात्रों को बांटे अखरोट के पौधे

रूद्रप्रयाग : राजकीय महाविद्यालय जखोली में मुख्यमंत्री नवाचार एवं शोध परियोजना में संचालित प्रोजेक्ट जैविक कृषि एवं बागवानी को लेकर महाविद्यालय जैविक वाटिका में जैविक विधि से उत्पादित अखरोट के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डा. माधुरी ने सभी का स्वागत करते हुए पौधरोपण की आवश्यकता व पर्यावरण संरक्षण में पेड़ पौधों की भूमिका पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रास संस्था के सचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी रघुवीर सिंह कंडवाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को आगे आने का आह्वान किया है। कार्यक्रम का संचालन मुख्यमंत्री नवाचार शोध परियोजना के नोडल ऑफिसर डॉ. देवेश चंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जैविक विधि से उत्पादित अखरोट के पौधों का वितरण किया गया। (एजेंसी)

दून में डेंगू, मलेरिया से निपटने को स्वास्थ्य विभाग का माइक्रोप्लान तैयार

देहरादून। मानसून को देखते हुए डेंगू और मलेरिया से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने माइक्रोप्लान तैयार किया है। गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय जैन ने चंदननगर स्थित कार्यालय में तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में जानकारी दी गई कि माइक्रो प्लान के तहत अगले सोमवार से नगर निगम के चिन्हित 60 वार्डों में सघन जागरूकता अभियान तथा सोर्स रिडक्शन गतिविधि का संचालन किया जायेगा। समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान तथा सोर्स रिडक्शन की जिम्मेदारी आशा वर्कर को दी जाएगी। इसके लिए आशा वर्कर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नगर निगम के कूड़ा वाहनों आशा कार्यकत्रियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। नगर निगम के कूड़ा वाहनों से भी प्रचार किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू परीक्षण किट की आपूर्ति की जा रही है। इनमें अलग से वार्ड तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ब्लड बैंक में भी खून की उपलब्ध कराने की निर्देश दिए गए। डॉ.जैन ने बताया कि डेंगू, मलेरिया के जिन क्षेत्र में पिछले साल सबसे अधिक केस आए हैं, उनको हॉट स्पॉट चिन्हित कर इससे निपटने के कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से सप्ताह में कम से कम दो बार घरों और आसपास रुके पानी को साफ करने की भी अपील की। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनएचएम डॉ. निधि रावत, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. सीएस रावत, एपिडीमियोलॉजिस्ट डॉ. पियूष, कंसल्टेंट मनीषा बिष्ट, जिला आईईसी समन्वयक पूजन नेगी, डाटा मैनेजर दीपक सहल, आशा समन्वयक दिनेश पांडे, पंचम बिष्ट, लैब टैक्नीशियन अशीष किमोठी अन्य मौजूद रहे।

योग हमारी प्राचीन विरासत का बहुमूल्य उपहार : धामी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग हमारी प्राचीन विरासत का बहुमूल्य उपहार है जो मनुष्य की मानसिक व शारीरिक शक्ति में वृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ाने में सहायता करता है।

नियमित योग अभ्यास तनाव कम करने, जीवन को संतुलित बनाए रखने तथा असंभव लक्ष्य को पाने में विशेष भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परम्परा की एक पहचान है। पूरी मनुष्यता को हमारे ऋषि-मुनियों की यह महत्वपूर्ण देन है। योग साधना के द्वारा हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग के द्वारा आज दुनिया में हमारी विशिष्ट पहचान बनी है। योग के लिये दुनिया भारत की ओर देख रही है। योग ने देश व दुनिया को स्वस्थता का भी संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग ने मनुष्य की सुख शान्ति की राह प्रशस्त की है। महान ऋषि पतंजलि ने योग के माध्यम से लोगों को जीने की राह दिखाई है। हर मनुष्य का परम लक्ष्य सुख और शांति की प्राप्ति है जिसमें योग की बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण आज योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना देशवासियों के लिये गर्व की बात है। प्रधानमंत्री के सार्थक प्रयासों से आज योग जन जन तक पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति का मूल आधार ''वसुधैव कुटुम्बकम'' है। अनेकों वैश्विक चुनौतियों और षड्यंत्रों का सामना करने के बावजूद भारत ने कभी भी मानवीय मूल्यों से हटकर आचरण नहीं किया और हमारी इस लोक कल्याणकारी अवधारणा का आधार हमारी संस्कृति है, जिसके मुख्य स्तंभों में एक योग भी है। इसी वजह से योग आज दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है जो विश्व को भारतीय संस्कृति के साथ और अधिक प्रगाढ़ता से जोड़ने का काम कर रहा है।

भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी ने कराया नामांकन

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह भंडारी ने गुरुवार को आरओ कार्यालय में अपना नामांकन जमा किया।

बद्रीनाथ सीट पर उप चुनाव के लिए 10 विभिन्न राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिए हैं, लेकिन अभी तक केवल भाजपा उम्मीदवार ने ही अपना नामांकन आरओ कार्यालय में जमा किया है। गुरुवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र नहीं लिया है। नामांकन पत्र जमा करने के लिए अंतिम दिन 21 जून है। आगामी 24 जून को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और 26 जून तक नाम वापस लिया जा सकता है। उप चुनाव के लिए विधानसभा बद्रीनाथ सीट पर 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को 13 जुलाई को मतगणना होगी।

योग को दिनचर्या में शामिल करने का ले संकल्प : महाराज

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने देश एवं प्रदेशवासियों को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए हम सभी योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लें। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य, योग के लाभ और हजारों तरह के योग के फायदे से लोगों को रूबरू कराना है। दुनिया को योग के प्रति जागरूक करना है। कहा कि योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ने का एक माध्यम है। यह जीवन जीने का एक तरीका है जो हमें शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है। आज इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हम सभी योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लेना चाहिए और एक स्वस्थ और खुशहाल भारत के निर्माण में सहयोग देना चाहिए। योग एक ऐसी विधा है जो हमारे कर्मों में कुशलता लाता है। हमें आत्मनिर्भर बनाता है। हमारा स्वाभिमान बढ़ाता है। हमें स्वावलंबन की सनातन परंपरा से जोड़ता है।

कैबिनेट मंत्री बहुगुणा आज रूद्रप्रयाग में

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा शुक्रवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद प्रभारी मंत्री शुक्रवार को प्रातः 10:10 बजे गौचर हवाई पट्टी चमोली से प्रस्थान कर 11 बजे रुद्रप्रयाग के होटल मोनाल पहुंचेंगे।

इसके पश्चात् 11:40 बजे जिला कार्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे, 12 बजे से जिला कार्यालय सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की जिला योजना समिति की बैठक लेंगे। दोपहर 2:20 बजे स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट कर अपराह्न 3:30 बजे जनपद बागेश्वर हेतु प्रस्थान करेंगे।

पीजी कॉलेज गोपेश्वर में बनेगा ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन सक्रियता से तैयारियों में जुटा है। उप चुनाव के लिए पीजी कॉलेज गोपेश्वर में ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल बनाया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को संबंधित अधिकारियों के साथ पीजी कॉलेज गोपेश्वर में मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम में ईवीएम रख-रखाव व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र में सुरक्षा, विद्युत, पेयजल, शौचालय, वेटिंग एरिया सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। मतगणना कक्ष की ओर आने जाने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग के साथ पोस्टल बैलेट काउंटिंग के लिए भी समुचित व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने ईवीएम कलेक्शन सेंटर तक जाने वाले मार्ग पर वाटर प्रूफ टेंट लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कमिशनिंग रूम, ईवीएम कलेक्शन सेंटर, मतगणना कक्ष, सीलिंग रूम, सुविधा केंद्र, मीडिया सेंटर आदि व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए आगामी 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, पुलिस सीओ अमित सैनी, डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी विजय प्रकाश मौर्य सहित अन्य व्यवस्थाओं से जुड़े नोडल अधिकारी मौजूद थे।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने किया वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

देहरादून । भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज 20 जून 2024 से दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को पर्यावरण और वन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा उत्तराखंड राज्य के अंतर्गत वन अग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा कर, इस आपदा से निपटने संबंधी उपायों की समीक्षा की गई। उन्होंने नरेंद्रनगर वन प्रभाग के अंतर्गत शिवपुरी, हिंडोलाखाल , बेमुंडा , आगराखाल आदि वन रेंजों का दौरा कर वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का जायज़ा लिया और अधिकारियों को उचित दिशानिर्देश दिए।

केंद्रीय वन मंत्री द्वारा क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान भागीरथी वृत्त के अंतर्गत नरेंद्र नगर एवं टिहरी वन प्रभागों में विभिन्न स्थलों का दौरा कर वन अग्नि से प्रभावित सुदूर वन क्षेत्र एवं वन विभाग की तैयारियों की भी समीक्षा की गई ।

भ्रमण के दौरान नरेंद्रनगर रेंज के अंतर्गत हिंडोला खाल, बेमुंडा एवं आगराखाल क्षेत्र में वन अग्नि से प्रभावित वन क्षेत्रों, वन विभाग द्वारा किए गए उपायों एवं स्थानीय निवासियों के स्तर पर प्रदान किए जा रहे सहयोग का भी जायजा लिया।

हिंडोलाखाल में स्थलीय दौरे के दौरान यादव ने कहा कि उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाएँ ज़्यादा हो गई थी । ये घटनाएं ज्यादातर चीड़ के जंगलों में घटित हुई है । जंगलों में वनाग्नि की घटनाएँ बढ़ी है। इस दौरान इनकी मॉनिटरिंग की गई और साथ में कई बैठकें भी की गई , जिसमें आग लगने के स्थानीय कारणों का पता लगाने की कोशिश की गई। यादव ने कहा कि आज हालात नियंत्रण में हैं इसलिए स्थलीय निरीक्षण आवश्यक था ताकि यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों का जायज़ा लिया जा सके , जनसहभागिता और जनसहमति को सुनिश्चित किया जा सके ताकि शासन,वन विभाग समन्वय के साथ आग की घटनाओं रोक सके । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए मिलकर काम कर रही है ।

बेमुंडा क्रू स्टेशन पर यादव ने ग्रामीण महिलाओं और ग्रामीणों के साथ संवाद किया और जंगलों में आग लगने के कारणों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने वनाग्नि को बुझाने में लगे वन कर्मियों से भी बात की और क्रू स्टेशन का जायज़ा लिया।

उल्लेखनीय है कि हिंडोलाखाल में बांज प्रजाति के वन क्षेत्र हैं , जिसमें पूर्व में कतिपय वन अग्नि की दुर्घटनाएं हुई हैं। बेमुंडा में वन विभाग द्वारा क्रु स्टेशन की स्थापना की गई है, जिससे कि राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास वन क्षेत्र में वन अग्नि की घटनाओं के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। बेमुंडा क्रु स्टेशन अत्यंत संवेदनशील वन क्षेत्र के निरीक्षण करने में सहायक है। इसी क्रम में आगराखाल स्थित सामुदायिक उन्नति केंद्र का भी केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया एवं स्थानीय समुदाय द्वारा विभिन्न विकास गतिविधियों में किए जा रहे कार्यों का भी उन्होंने जायजा लिया। इस क्षेत्र में स्थानीय समुदाय द्वारा वन विभाग को वन अग्नि से निपटने में सहयोग भी प्रदान किया जाता है। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय वन मंत्री द्वारा बादशाही ढोल में चीड़ के वनों में हुई अग्नि दुर्घटनाओं के क्षेत्र का भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। यादव द्वारा उपस्थित अधिकारियों से वार्ता कर अग्नि को रोकने एवं उससे निपटने के संबंध में प्रयासों की पूर्ण समीक्षा की गई।

श्री यादव द्वारा इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि वन विभाग वन अग्नि से निपटने हेतु तैयारी को और अधिक सघन करे। उन्होंने निर्देशित किया कि आग की सूचना प्राप्त होने पर कम से कम समय में उससे निपटने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

केंद्रीय वन मंत्री ने वन अग्नि के मामलों में स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। उन्होंने इस दौरान स्थानीय समुदाय को भी इस संबंध में प्रेरित किया। यादव ने हाल ही में हुई वन अग्नि की दुर्घटनाओं एवं उससे हुई जान–माल की क्षति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

जेएनयू छात्रा से दुष्कर्म की जांच दून पुलिस करेगी

देहरादून। नई दिल्ली स्थित जेएनयू में पढ़ाई करने वाली युवती से दुष्कर्म मामले की जांच बसंत विहार थाना पुलिस खुद करेगी। बीते 14 जून को मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को दिल्ली ट्रांसफर कर दिया गया। दुष्कर्म का घटनास्थल दून में सामने आने के बाद बसंत विहार थाने में केस वापस पहुंचा। एसओ बसंत विहार महादेव उनियाल ने बताया कि युवती की तहरीर पर बीते 14 जून को जीओ एफआईआर दर्ज की गई। युवती ने बताया कि वर्ष 2022 में नई दिल्ली स्थित जेएनयू में पढ़ाई के दौरान उसकी दोस्ती शम्स तबरेज निवासी बिलासवाड़ आंध्रप्रदेश से हुई थी। दोनों ने पीएचडी की। इसके बाद एक साथ नौकरी भी की। युवती ने बताया कि इस बीच तबरेज उसे अपने कमरे पर ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर तबरेज ने उससे शादी का वादा किया। उसके बाद कई बार शारीरिक संबंध बनाए गए। बाद में युवती को पता चला कि तबरेज का किसी दूसरी लड़की से भी रिश्ता है। आरोप है कि इसके बाद तबरेज का व्यवहार बदल गया। इसके बाद युवती के साथ गाली–गलौच करने लगा। युवती शादी की आस में उससे बात करती रही। आरोप है कि इस बीच तबरेज ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे डरा–धमकाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में उसके परिजनों को भी गालियां दीं। युवती का आरोप है कि अब तबरेज उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस के मुताबिक पहले घटनास्थल दिल्ली और आंध्रप्रदेश होने के चलते मुकदमा दिल्ली ट्रांसफर किया गया। हाल में पता लगा कि युवती के साथ दून में भी दुष्कर्म किया गया। इसलिए अब बसंत विहार थाना पुलिस जीओर एफआईआर को ऋइम नंबर देते हुए जांच शुरू कर दी है

निरंकारी मिशन के अनुयायी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर करेंगे योग

देहरादून। संत निरंकारी मिशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को दून के रेस्ट कैंप स्थित सत्संग भवन में सुबह छह से सात बजे तक योग शिविर का आयोजन करेगा। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित योग शिविर की जानकारी देते हुए मिशन के समाज कल्याण प्रभारी जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि मिशन के संपूर्ण भारत की विभिन्न शाखाओं में स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में खुले स्थानों, पार्कों में लाखों की संख्या में योग साधक सामूहिक योग करेंगे।

रवि बडोला के हत्यारों को सख्त सजा मिले

देहरादून। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर के पत्रकारिता विभाग के पुरातन छात्रों ने रवि बडोला के हत्यारों को सख्त सजा देने की मांग की है। रवि बडोला की पत्नी उर्वी बडोला पत्रकारिता की छात्रा रह चुकी हैं। गुरुवार को जारी बयान में पूर्व छात्रों ने कहा कि उत्तराखंड में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। पुलिस की नाकामी के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो, ताकि आरोपियों को जल्द सजा मिल सके। हत्याकांड पर गहरा दुख जताते हुए उन्होंने रवि की पत्नी को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है। शोक जताने वालों में जगमोहन शर्मा, दीपक पुरोहित, च्दीवान सिंह चौहान, निर्मलकांत, योगेश सेमवाल, प्रशांत बडोनी, पंकज मैंदोली आदि शामिल हैं।

जल संस्थान की ट्रेजरी से भुगतान को सहमति, आंदोलन स्थगित

देहरादून। जल संस्थान जल निगम संयुक्त कर्मचारी मोर्चा ने 21 जून से प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय हड़ताल को स्थगित करने का फैसला लिया है। गुरुवार को मोर्चा की बैठक में आंदोलन स्थगित करने का फैसला लिया।

जल संस्थान की ओर से ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान पर सहमति देने के बाद आंदोलन स्थगित करने का फैसला लिया गया। संघ भवन कमला नगर में हुई बैठक में मोर्चा संयोजक रमेश बिंजौला ने कहा कि कर्मचारियों के आंदोलन के बाद ही सिस्टम में हलचल हुई। शासन स्तर से जल संस्थान मैनेजमेंट को नए सिरे से ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के मामले में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। इस मसले पर पहले जल संस्थान की ओर से नकारात्मक रिपोर्ट दी गई। जबकि जल निगम ने सकारात्मक रिपोर्ट दी थी। कर्मचारियों के 21 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल के ऐलान के बाद जल संस्थान मैनेजमेंट की नींद टूटी। जल संस्थान की ओर से भी अब सकारात्मक रिपोर्ट दे दी गई है। इस मामले में मुख्य सचिव समेत सचिव पेयजल की ओर से भी कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। संयोजक विजय खाली ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों के पक्ष में सकारात्मक रिपोर्ट देने और शासन स्तर पर गंभीरता दिखाए जाने के कारण 21 जून से प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है। यदि इसके बाद भी जल्द कर्मचारियों की मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो इस बार बिना किसी सूचना, नोटिस के सीधे हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। बैठक में श्याम सिंह नेगी, संजय जोशी, राम चंद्र सेमवाल, संदीप मल्होत्रा, शिशुपाल सिंह रावत, लक्ष्मी नारायण भट्ट, सुमित पुन्न, अनिरुद्ध कठैत, हेमंत, महेश राम, धन सिंह, मदन लाल, धन सिंह, नरेंद्र पाल, मेहर सिंह, सतीश पार्छी, जीवानंद भट्ट, रणवीर सिंह, रमेश शर्मा, चतर सिंह, आशीष तिवारी, शिव प्रसाद, धूम सिंह, सुभाष कोटनाला, राम बचन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

आश्रम पद्धति स्कूलों में प्रवेश नहीं देने पर प्रदर्शन

देहरादून। भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच ने जौनसार के आश्रम पद्धति स्कूलों में अनुसूचित जाति के छात्रों को प्रवेश नहीं देने के विरोध में प्रदर्शन किया।

संगठन ने गुरुवार को देहरादून में जुलूस निकाला। संगठन से जुड़े लोग गुरुवार को गांधी पार्क में जुटे और प्रदर्शन किया। वो यहां से जुलूस लेकर घंटाघर स्थित बाबा साहब आंबेडकर पार्क पहुंचे।

डा. आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद प्रदर्शनकारी सचिवालय के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने रोक दिया। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक दौलत कुंवर ने कहा कि पहले जौनसारी में आश्रम पद्धति विद्यालयों के साथ–साथ सभी शिक्षण संस्थानों में 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के बच्चों को प्रवेश दिए जाते थे। लेकिन जनजाति कल्याण निदेशालय ने 13 मई को पत्र में आश्रम पद्धति विद्यालय चकराता को यह निर्देश दिया कि विद्यालय में जनजाति के बच्चों के दाखिले पूरे होने के बाद खाली सीटों पर अनुसूचित जाति के बच्चों को प्रवेश दिया जाए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लोग बच्चों को विकासनगर या देहरादून में नहीं पढ़ा सकते। लिहाजा, पूर्व की भांति 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए व्यवस्था लागू की जाए। कुंवर ने अपने और अपने बेटे शिवम कुंवर के खिलाफ दर्ज मुकदमों की सीबीआई जांच की भी मांग की। मौके पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विपिन कुमार, ज्ञान सिंह कुंवर, शिवम कुंवर, सतीश कुमार पाटिल, सरदार जसविंदर सिंह ,संतन सिंह, यशपाल सिंह ,अली हसन आदि मौजूद थे।

सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़ न काटने की मांग

देहरादून। हाथीबड़कला और आसपास के लोगों ने न्यू कैंट रोड के चौड़ीकरण के लिए पेड़ ना काटने की मांग की है। निवर्तमान पार्षद भूपेंद्र कठैत की अगुवाई में लोगों ने गुरुवार को तिलक रोड में डीएफओ से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने डीएफओ नीरज शर्मा को एक ज्ञापन भी दिया। जिसमें कहा गया है कि दिलाराम चौक से लेकर सीएम हाउस तक रोड चौड़ीकरण में 244 के लगभग पेड़ों के कटान होना प्रस्तावित है। पहले भी शहर भर में तमाम विकास कार्यों के लिए पेड़ कटवा गए, लेकिन आज तक उनके बदले पेड़ नहीं लगवाए गए। जिससे पूरा शहर में पर्यावरण में फर्क तो पड़ा ही है साथ ही अनेकों बीमारियां भी फैल रही है। लगातार तापमान में वृद्धि और असामान्य बारिश इसका बड़ा उदाहरण हैं। ऐसे में इस योजना के लिए भी पेड़ ना काटें जाएं। लोगों ने कहा कि विकास के नाम पर पर्यावरण से समझौता ना किया जाए तो अच्छा होगा।डीएफओ ने इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में सतेन्द्र नाथ ,संजय नौटियाल, नंदनी शर्मा, योगेश घाघट, चुन्नीलाल, मोहन बहुगुणा व्यापार मंडल हाथीबड़कला के सचिव ललित बोरा,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता, कपिल चौधरी, कुसुम नेगी और रविन्द्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

उपचुनाव में एकजुट होकर काम करें कांग्रेस कार्यकर्ताः शैलजा

देहरादून। विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। गुरुवार को पार्टी पदाधिकारियों को पत्र लिख कर कांग्रेस की गारंटियों को जनता के बीच ले जाने को कहा। उपचुनाव में बदरीनाथ और मंगलौर सीट को बड़े अंतर से जीतने का भी आह्वान किया। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने कांग्रेस सभी विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं से उपचुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित कराने को कहा। कांग्रेस पदाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि कांग्रेस हमेशा ही शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ों, गरीबों की हिमायती रही है। पार्टी ने उन्हें न्याय दिलाने को संघर्ष किया है। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से आम जनता के बीच जाकर उनकी कठिनाईयों को जाना। जन सरोकार से जुड़े मुद्दों को उठाया। पत्र यात्रा में भाजपा की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ देश की जनता को जगाने का काम किया। इसका लाभ कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में मिला। कांग्रेस पार्टी ने पांच न्याय पच्चीस गारंटी के माध्यम से जनता को न्याय दिलाने का वादा किया। कहा कि आज देश में बेरोजगारी, महंगाई, और भ्रष्टाचार चरम पर है। कांग्रेस इन सभी वर्गों को न्याय दिलाने का काम करेगी। इसके लिए सभी को मिल कर उपचुनाव में भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर कर जन सरोकार से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाना है।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com